एक नजर में

## हेलमेट अभियान में एक दिन में सिर्फ 506 चालान



**इंदौर.** यातायात पुलिस की लगातार सख्ती और जागरूकता अभियान का असर अब साफ नजर आने लगा है. महू नाका क्षेत्र में प्रभात फेरी के दौरान की गई विशेष कार्रवाई में बिना हेलमेट दोपहिया चलाने पर 506 चालान बनाए. यह संख्या पिछले दिनों की तुलना में कम है, जो जागरूकता में बढ़ोतरी का संकेत है. यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, इसके अलावा बसों, ऑटो, ई-रिक्शा और नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की गई. दिनभर की चालान संख्या 811 रही. उल्लेखनीय है कि 6 नवंबर से अब तक ट्रैफिक पुलिस करीब 25 हजार बिना हेलमेट के चालान बना चुकी है. साथ ही जागरूकता बढ़ाने के लिए 500 से अधिक हेलमेट मुफ्त वितरित कर दिए. वहीं, यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए थानों और यातायात अधिकारियों ने प्रभात फेरी मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया. नो पार्किंग उल्लंघन करने वालों पर स्पॉट चालान किए. इधर, 'ट्रैफिक प्रहरी' अभियान को शहरवासियों का व्यापक समर्थन मिल रहा है. अब तक 2,035 जिम्मेदार नागरिक इस मुहिम से जुड़ चुके हैं और अपने-अपने क्षेत्र के चौराहों पर यातायात प्रबंधन में सहयोग दे रहे हैं. अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को यातायात अनुशासन और प्रबंधन में भागीदार बनाना है.

## शालेय पत्रिका संकल्प का लोकार्पण



**इंदौर.** शाला की पत्रिकाओं का अपना बड़ा महत्व होता है इसके माध्यम से एक ओर जहां विद्यार्थियों को सृजन का आरंभिक ज्ञान एवं अवसरमिलता है अवसर भी वही शाला की गतिविधियों कीअमूल्य यादें भी संकट हो जाती है. उक्त विचार हिंदी परिवार इंदौर के साहित्यकारों ने पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घाटाबिल्लौद की शालेय पत्रिका संकल्प के 18 के अंक के लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किये. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर देवेश सिंह ने की जिन्होंने संस्मरण भी सुनाया. पत्रिका की संपादक साहित्यकार व्याख्याता डॉ रागिनी शर्मा ने शाला की गतिविधियों के साथ अतिथियों का परिचय दिया वह कार्यक्रम का संचालन भी किया. सारस्वत अतिथि हरे राम बाजपेई ने इस अवसर पर वंदे मातरम के 150 में वर्ष की विशेषता साथ ही अपनी भाषा संस्कृति को अपनाने की बातें की. प्रभु त्रिवेदी ने दोहों के माध्यम से परिवार व पर्यावरण पर प्रकाश डाला. संतोष मोहंती ने समरसता का संदेश देता हुआ एक मधुर गीत प्रस्तुत किया. प्रदीप नवीन ने चिर परिचित शैली में कार्यक्रम के संदर्भ में एक रचना बनाकर सुनाई. इस अवसर पर विज्ञान के छात्रों द्वारा संपादित पत्रिका आत्म शक्ति का भी लोकार्पण अतिथियों ने किया. आभार श्री पांडे ने व्यक्त किया.

## परीक्षित ने वेट लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मैडल



**इंदौर.** महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस, इंदौर के छात्र वेट लिफ्टर परीक्षित सोनी ने हाल ही में राजस्थान में संपन्न हुई खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में 88 किलो वजन समूह में वेट लिफ्टिंग स्पर्धा में गोल्ड मैडल अपने नाम किया. उन्होंने अपनी वेट कैटेगरी में सर्वाधिक 278 किलोग्राम वजन उठाकर यह उपलब्धि हासिल की. श्री सोनी ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए विजेता होने का गौरव प्राप्त किया. परीक्षित सोनी की इस उपलब्धि पर महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं सीईओ सतविंदर सिंह ने मिठाई और फूलों की माला पहनाकर सम्मान करते हुए इस वर्ष की संपूर्ण कॉलेज फीस माफ करने की घोषणा की. प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर, डायरेक्टर डॉ. इरा बापना, डॉ. अनिल गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई, क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मितेश चौधरी, प्रो. प्रवीण शर्मा, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. शैलेश हिरवे, डॉ. सुप्रिया बंडी, डॉ. गीता सूरी ने परीक्षित सोनी मिठाई और फूलों की माला की पहनाकर परीक्षित के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इस तरह से अपने प्रदर्शन से कॉलेज और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया. संचालन डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे ने किया. आभार प्रो. दीपांशु पांडे ने माना.

## यूथ फॉर चेंज कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च



**इंदौर.** सोशल मीडिया ब्लॉग संगठन इंदौर के साथ मालवा टाकीज द्वारा आयोजित यूथ फॉर चेंज कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्यों और आगामी गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ. इस अवसर पर कार्यक्रम की ब्रांड एंबेसडर अभिनेत्री अदा शर्मा का आधिकारिक पोस्टर लॉन्च किया गया. अदा शर्मा ने वीडियो संदेश के माध्यम से बताया कि वह 14 दिसंबर को इंदौर आ रही हैं और युवाओं के साथ मिलकर ड्रग-फ्री समाज का संकल्प लेंगी. उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे यूथ फॉर चेंज अभियान से जुड़कर प्रदेश को ड्रग्स-मुक्त बनाने के मिशन में सक्रिय भूमिका निभाएँ. कार्यक्रम में उद्योग जगत से एपिकॉन ग्रुप के डायरेक्टर असित पाठक के द्वारा पोस्ट का विमोचन किया गया. 14 दिसंबर को मुख्यमंत्री द्वारा ड्रग्स पर राजेंद्र राठौड़ द्वारा निर्देशित फिल्म जस्ट वन का प्रीमियर किया जाएग. राजेंद्र राठौड़ ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर संगठन से निवेदन किया कि सामाजिक कार्यक्रम में बढ़कर के हिस्सा लें. इंदौर अब बनेगा यात्रा सड़क सुरक्षा में नंबर वन यही हमारा संकल्प है यूथ फॉर चेंज यात्रा का औपचारिक शुभारंभ मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किया जाएगा.. यह कार्यक्रम प्रेस्टीज कॉलेज 78 स्कीम में होगा. इस अवसर पर इवेंट कोऑर्डिनेटर विवेक पांडे, मार्केटिंग हेड प्रियंक नागर, श्वेता जैन फॉर सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर आदि लोगों उपस्थित थे

## महामंडलेश्वर राजेंद्रदास महाराज का सम्मान किया



**इंदौर.** बालाजी मठ के अध्यक्ष महंत मंगलदास महाराज खाकी ने महामंडलेश्व 'पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज का शाल-श्रीफल और मोतियों की माला से सम्मान किया. गिरनार में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में संत-महंत शामिल हुए. महंत जी ने कहा गोदावरी नदी की परिक्रमा करना पुण्य कार्य है, इससे दुसरो को भी सीख लेनी चाहिए.

# अच्छी सेहत के लिए मोटा अनाज खाएं, अच्छी नींद लें और व्यायाम करें : राज्यपाल

- ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में न्यूरोलॉजी और न्यूरो सर्जन के 73वें वार्षिक राट्रीय सम्मेलन एनएस आईकॉन का शुभारंभ



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** मस्तिष्क को स्वस्थ और शांत रखने में न्यूरो सर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट चिकित्सकों की विशेष भूमिका रहती है. भगवान सभी जगह नहीं पहुँच पाते हैं, इसलिए उन्होंने चिकित्सक बनाए हैं. भगवान का दूसरा रूप चिकित्सक ही होता है. सेहत के लिए मोटा अनाज का सेवन करें, खूब पानी पीए, अच्छी नींद लें और नियमित व्यायाम करें. फास्ट फूड से बचे.

यह बात राज्यपाल ने आज न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 73वीं वार्षिक राट्रीय सम्मेलन एनएस आईकॉन का शुभारंभ करते हुए कही. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में न्यूरोलॉजी और न्यूरो सर्जन की कांफ्रेंस एनएसआईकॉन 2025 का शुभारंभ किया. पटेल ने कहा कि मानव शरीर में हाथ, पैर, आँख, नाक आदि अंग होते हैं, लेकिन उनका मुखिया मस्तिष्क होता है. मस्तिष्क ही सभी इंद्रियों को आदेश देता है और उसे नियंत्रित करता है. हमारा मस्तिष्क स्वस्थ और शांत रहे, इस दिशा में न्यूरो सर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट चिकित्सकों की विशेष भूमिका है. कई बार क्रोध की वजह से हम विचलित हो जाते हैं, जिससे कार्य का संपादन ठीक प्रकार से नहीं होता है. ऐसे समय न्यूरो सर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट अपनी उन्नत चिकित्सा, प्रमाणिक ज्ञान और संवेदनशीलता से मस्तिष्क को स्वस्थ और शांत करते हैं. उन्होंने कहा कि इस चार दिवसीय सम्मेलन से जो निष्कर्ष निकलेगा, वह समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा. उन्होंने न्यूरोलॉजी विषय पर दो पुस्तकों का विमोचन किया. साथ ही कुछ चिकित्सकों को लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया. साथ ही उन्होंने 73वीं वार्षिक राट्रीय सम्मेलन एनएस आईकॉन के बारे में जानकारी ली. कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, एनएसआइकॉन के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. वसंत डाकवाले, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. जे. एस. कठपाल, अध्यक्ष डॉ. मानस पाणिग्रही, अध्यक्ष-निर्वाचित डॉ. के. श्रीधर, एजुकेशन एंड ट्रेनिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. लुईस बोर्बा ने दीप प्रज्वलित करके किया. उक्त सम्मेलन 14 दिसम्बर तक चलेगा. इस सम्मेलन में विश्व के प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन और न्यूरोलॉजिस्ट भाग ले रहे हैं.

**चिकित्सा क्षेत्र में लगातार शोध हो रहे: विजयवर्गीय-** मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर स्वास्थ्य की राजधानी है. यहाँ के चिकित्सक मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं और सेवा भावना के साथ कार्य करते हैं, यह अपने आप में विशिष्ट हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार शोध और अनुसंधान हो रहे हैं और चिकित्सा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना चलाई जा रही है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में आमजन उठा रहे हैं.

### नवाचार और सीख का मंच

कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. वसंत डाकवाले ने भाषण में कहा, एनएसआईकॉन 2025 हमारे लिए केवल एक वैज्ञानिक आयोजन नहीं है, बल्कि न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और सीख को एक ही मंच पर लाने का महत्वपूर्ण अवसर है. आने वाले चार दिनों में होने वाले वैज्ञानिक सत्र, चर्चाएँ और शोध प्रस्तुतियाँ न केवल ज्ञानवर्धक होंगी, बल्कि भविष्य की न्यूरोसर्जरी और न्यूरोलॉजी को नई दिशा भी प्रदान करेंगी. ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. जे. एस. कठपाल, ने कहा एनएसआईकॉन 2025 का उद्देश्य हमेशा से यह रहा है कि हम केवल वैज्ञानिक जानकारी साझा न करें, बल्कि ऐसा मंच तैयार करें जहाँ हर प्रतिभागी सीख को अपने रोज़मर्रा के क्लीनिकल अभ्यास में बदल सके.

# 49 करोड़ के शराब घोटाले में ईडी ने पेश किया चालान

- आरोपी ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत आई सामने
- अदालत ने लिया संज्ञान, 70 करोड़ की संपत्ति अटैच




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर शहर में सरकारी राजस्व को करोड़ों की चपत लगाने वाले फर्जी शराब चालान घोटाले में ईडी ने स्पेशल कोर्ट इंदौर में मनी लांड्रिंग के तहत चालान पेश कर दिया है. ईडी इस केस में 70 करोड़ के बाजार मूल्य की संपत्तियां अटैच कर चुकी है.**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दी गई अधिकृत जानकारी के अनुसार इंदौर सब जोनल ऑफिस ने लिकर फेक चालान स्कैम में 29 नवंबर को पीएमएलए के तहत अभियोजन शिकायत दाखिल की थी, जिस पर विशेष अदालत ने 11 दिसंबर को संज्ञान ले लिया. यह जांच राऊजी बाजार थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें कई ठेकेदारों पर ट्रेजरी चालानों के जरिए सरकार को भारी राजस्व नुकसान पहुंचाने का आरोप है. जांच में सामने आया कि आरोपियों ने कम राशि के चालान बैंक में जमा कराए, लेकिन चालान के कॉलम में राशि शब्दों में खाली छोड़ दी. बाद में उसी चालान में अंकों में राशि को बढ़ाकर मिलान करते हुए शब्दों में भी बढ़ी हुई रकम भर दी जाती थी. इन परिवर्तित चालानों को देसी शराब वेयरहाउस या जिला आबकारी कार्यालय में जमा कर अधिक स्टॉक की एनओसी हासिल की जाती थी, जबकि असल में बेहद कम ड्यूटी जमा की गई थी. इस तरीके से सरकारी कोष को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया.

### घोटाले के दो मुख्य आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

पीएमएलए जांच में यह तथ्य भी स्थापित हुआ कि राजू दशवंत, अंश त्रिवेदी सहित अन्य ठेकेदारों ने करीब 49 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध कमाई को छिपाने और उपयोग में लाने की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई. ईडी इन दोनों मुख्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और वे न्यायिक हिरासत में हैं. जांच के दौरान ईडी ने 28 नवंबर को 28 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया था, जिनकी खरीद कीमत 21.18 करोड़ और मौजूदा बाजार कीमत 70 करोड़ रुपए से अधिक बताई गई है. मामले में आगे की जांच की जा रही है.

# शहर की लॉजिस्टिक्स व्यवस्था में तेजी से सुधार लाने बनाई जाएगी स्टीयरिंग कमेटी

- व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बैठक



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर।** आज शहर की ट्रैफिक और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक हुई। सांसद की पहल पर एशियन डेवलपमेंट बैंक और केंद्र सरकार की गति शक्ति टीम ने शहर की सिटी लॉजिस्टिक्स योजना पर विस्तार से चर्चा की.

आज कलेक्टर सभागृह में शहर के बढ़ते ट्रैफिक दबाव, औद्योगिक क्षेत्रों में माल परिवहन, शहर के एंट्रीङ्कएग्जिट पॉइंट्स, वेयरहाउसिंग, बाजारों में होने वाली लोडिंगङ्कअनलोडिंग और आने वाले वर्षों की जरूरतों पर चर्चा हुई. विशेषज्ञों ने दुनिया भर के सफल मॉडल और टेक्नोलॉजी आधारित समाधान भी साझा किए. चर्चा में तय किया गया कि शहर की लॉजिस्टिक्स व्यवस्था में तेजी से सुधार लाने के लिए एक स्टीयरिंग कमेटी बनाई जाएगी. कलेक्टर शिवम वर्मा अध्यदक्ष और आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े कमेटी के कोऑर्डिनेटर होंगे. बैठक में एडीबी की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आंचल, एमपीआईडीसी प्रबंध संचालक हिमांशु प्रजापति सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

### उद्योग व्यापार को नई गति मिलेगी

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लॉजिस्टिक्स लागत कम करने और स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है. इंदौर जैसे प्रगतिशील शहर इन सुधारों का बड़ा हिस्सा बनेंगे. उन्होंने कहा कि सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान के लागू होने से नागरिकों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और उद्योग-व्यापार को नई गति मिलेगी.

# दो सडक़ दुर्घटनाओं में एक महिला की मौत, एक घायल

- प्रेम प्रसंग में युवक ने फांसी लगाकर दी जान





मृतक मोहिता तरवरिया

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सडक़ दुर्घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. वहीं, प्रेम संबंधों में तनाव के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, तीनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है.**

पुलिस के अनुसार, चंद्रावतीगंज थाना क्षेत्र में धर्मात सेट के पास तेज रफ्तार ट्रक नम्बर एमपी 09 एफए 2715 ने पैदल जा रही 50 वर्षीय ससेजबाई पति प्रमोद शुक्ला निवासी चंद्रावतीगंज को कुचल दिया. हादसे में उनके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि रास्ते में रेलवे फाटक बंद होने से एम्बुलेंस करीब 30 मिनट तक अटकी रही, समय पर उपचार न मिलने से उनकी हालत और बिगड़ गई तथा उनकी मौत हो गई. दूसरी सडक़ दुर्घटना ठिकाना गांव में पंजाबी ढाबे के सामने हुई, जहां जीप नम्बर एमपी 33 बीटी 1111 की टक्कर से 55 वर्षीय इंदिराबाई पति दशरथ रावत घायल हो गईं. उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है. दोनों ही मामलों में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है.

### 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

भट्टा क्षेत्र में रहने वाले 20 वर्षीय मोहित गजानंद तरवरिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वह धार्मिक आयोजनों में साउंड सिस्टम का काम करता था. परिजनों ने पुलिस को बताया कि मोहित का एक युवती से प्रेम संबंध था, लेकिन युवती ने शादी से इंकार कर दिया था. इसी तनाव में उसने जान दे दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी. जांच के दौरान पुलिस को उसके मोबाइल से युवती के साथ चैट और कॉल रिकॉर्डिंग भी मिली है. घटना के समय परिजन शहर से बाहर थे, जबकि बहन दवा लेने गई हुई थी.




# राजा रघुवंशी केस : सोनम की दो सहेलियां कोर्ट के समक्ष हुई पेश

- शिलांग कोर्ट में वीसी के जरिये हुए बयान दर्ज
- एक का बयान पूरा, दूसरी का अगली सुनवाई में होगा बयान दर्ज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** राजा रघुवंशी हत्याकांड की सुनवाई में गुरूवार को मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की दो सहेलियों के बयान हुए. शिलांग कोर्ट में हुई कार्यवाही में दोनों युवतियां इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ीं.

जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुनवाई के दौरान सोनम की सहेलियां दीपांशी और प्रियांशी अदालत के समक्ष पेश हुईं. दोनों फिलहाल सोनम के भाई गोविंद की फैक्ट्री में कम्प्यूटर संबंधी कार्य देखती हैं. वे ई सेवा प्लेटफॉर्म के जरिए सुनवाई से जुड़ीं, जहां उनके वकीलों की टीम भी मौजूद रही. अदालत ने पहले दीपांशी को गवाह के रूप में बुलाया और उससे सोनम की पहचान कराई. इसके बाद उसके सामने सोनम के स्वभाव, व्यवहार और संबंधों से जुड़े सवाल रखे. कोर्ट ने यह स्पष्ट करने का प्रयास भी किया कि क्या वह राजा रघुवंशी को जानती थी. पूछताछ के बाद दीपांशी के बयान रिकॉर्ड कर लिए हैं. वहीं, दूसरी ओर प्रियांशी का बयान अगली सुनवाई में दर्ज किया जाएगा. बयान देने के बाद दोनों युवतियां किसी से बातचीत किए बिना वीडियो लिंक डिस्कनेक्ट कर सुनवाई से अलग हो गईं. अदालत अब अगली तारीख पर शेष गवाही दर्ज करेगी, जिसके बाद मामले की आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी.

# इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन मुआवजा को लेकर भारी नाराजगी

**इंदौर.** इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन परियोजना में भूमि अधिग्रहण को लेकर महू क्षेत्र के आदिवासी किसानों ने कम मुआवजा दिए जाने पर आपत्ति जताई है. किसान नेता हंसराज मंडलोई ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र अपने किसानों को जमीन का चार गुना मुआवजा दे रहा है, जबकि मध्यप्रदेश सरकार सिर्फ दो गुना देने की तैयारी में है, जो आदिवासी किसानों के साथ भेदभाव है.

मंडलोई ने कहा कि महू विधानसभा क्षेत्र के 18 आदिवासी बहुल गांवों की 243 किसानों की करीब 131 हेक्टेयर जमीन परियोजना में जा रही है. रेल मंत्रालय गजट नोटिफिकेशन जारी कर चुका है और 30 दिनों के भीतर दावे-आपत्तियां मांगी गई हैं. मंडलोई का कहना है कि पहाड़ी और वन क्षेत्र होने के कारण आदिवासी किसानों के पास पहले से ही सीमित जमीन है. ऐसे में यह परियोजना उन्हें बेघर करने जैसा कदम है. उन्होंने मांग की कि मध्यप्रदेश भी महाराष्ट्र की तरह बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा दे, प्रभावित परिवारों के युवाओं को सरकारी रोजगार उपलब्ध कराया जाए और आदिवासी विकास परियोजना के तहत विशेष पैकेज दिया जाए. उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं और अन्याय हुआ तो आदिवासी समाज आंदोलन के लिए मजबूर होगा.

एक नजर में — अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# न्यायपालिका का धर्म लोगों के बीच विश्वास निर्माण भी : खान



**इंदौर.** तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर देपालपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला ख़ान ने कहा कि कर्तव्यों के संसार में ही अधिकार जीवित रहता है. मानव की गरिमा का यह महापर्व हमें यह याद दिलाता है कि न्यायालय की हर पीठ, समाज की हर संस्था और प्रत्येक व्यक्ति का कदम इंसानियत की रक्षा के दायित्व से बंधा है. न्यायपालिका का धर्म केवल विवादों का निराकरण नहीं, बल्कि लोगों के बीच विश्वास का निर्माण भी है. जब हम किसी पीड़ित को राहत देते हैं, तो वह केवल एक आदेश नहीं होता, बल्कि वह समाज के लिए यह संदेश होता है कि कानून हर कमजोर व्यक्ति के साथ खड़ा है और अन्याय किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है. जिला न्यायाधीश श्री खान ने लोक अदालत, मध्यस्थता, परामर्श केंद्र, विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समिति को मानवाधिकार संरक्षण के महत्वपूर्ण सेतु बताते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि सभी लोग भेदभाव, अन्याय और आवाज़ दबाने की प्रवृत्ति के विरुद्ध एकजुट हों. हमारी एक संवेदनशीलता, एक सहानुभूति भरा शब्द और एक मददगार हाथ किसी ज़रूरतमंद की ज़िंदगी बदल सकता है.

### मानव अधिकार संरक्षण का संकल्प दिलाया

कार्यक्रम को अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष दिलीप सिंह डाबी ने भी संबोधित कर उपस्थित जनों को मानव अधिकार के संरक्षण का संकल्प दिलाया. इस अवसर पर न्यायाधीशगण रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़, दिव्या श्रीवास्तव, एडीपीओ विशाल गुप्ता, विक्रम राव, टी.आई. रणजीत सिंह बघेल, टी.आई. गौतमपुरा अल्का मेनिया, उप निरीक्षक बेटमा भरत लाल यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र पटेल, सचिव दिनेश डोंड, सहसचिव आशीष सोनी, नायब नाज़िर दिलीप यादव सहित समस्त बैंक प्रबंधक एवं नगर परिषदों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष 07642-252443, फेक्स – 07642-253622 ई-मेल - eephedmal@mp.nic.in

निविदा क्रमांक 101 से 103 / 2025-26 / नि.शाखा / लो.स्वा.यॉं./2025 मण्डला, दिनांक 08.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है। Name of Work - Balance Work Of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Various Villages of Various Block of Distt Mandla M.P. based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe line system, Construction of RCC OHT, installation of Transformer, Errection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning.

| NIT No. | Tender ID No. | Name of Villeges | Name of Block | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | End Date of Sub mission | Bid Opening Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 101 / 25-26 | 2025_PHED_466670 _1 | Majhgaon, Barbati, Ghughari, Patehra, Kumha, Chandhera, and Ratanpur Chowki | Narayanganj | 483.67 | 483670 | 15000 | 22-12-2025 | 24-12-2025 | 09 Months I/R Season |
| 102/ 25-26 | 2025_PHED_466672 _1 | Pondimal, Bllnagri mal, Budra, Barga, Magardha, Bijadandi, Khairi, Boriya | Bijadandi & Narayanganj | 481.05 | 481050 | 15000 | 22-12-2025 | 24-12-2025 | |
| 103/ 25-26 | 2025_PHED_466673 _1 | Amwar, Harratola, Nandram & Indri Ryt | Mawai | 273.30 | 273300 | 15000 | 22-12-2025 | 24-12-2025 | |

नोटः- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए. टी. एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
खण्ड, मण्डला

G22608/25 'बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल'